दैनिक

# जयवर्द्धन

पत्र पंजीयन संख्या RJBIL/26/A5478

वर्ष - 01 | अंक - 58 | राजसमंद - शनिवार, 19 सितम्बर 2026 | मूल्य - 2 रुपया | मो.- 96729 80901 | पृष्ठ - 4


पेज 3 पर पढ़े - नगर परिषद के गणपति महोत्सव में हुई सांस्कृतिक संध्या



## नाथद्वारा में बहुचर्चित चोरी का पर्दाफाश : तीन आरोपी गिरफ्तार

### - 8 तोला सोना और 686 ग्राम चांदी की बरामद - दिन में बंद मकान देखकर करते थे रेकी

जयवर्द्धन न्यूज़

**नाथद्वारा।** श्रीनाथजी मंदिर थाना पुलिस ने सुखाड़िया नगर नाथद्वारा में दिनदहाड़े मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अब तक 8 तोला सोना और 686 ग्राम चांदी बरामद की है। शेष आभूषणों की बरामदगी के लिए पुलिस की ओर से पूछताछ और तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 28 अप्रैल 2026 को परिवादी कैलाश पालीवाल पुत्र गोविंद पालीवाल निवासी सुखाड़िया नगर नाथद्वारा ने श्रीनाथजी मंदिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया कि 24 अप्रैल को वह परिवार सहित किसी शादी में इंदौर गया था। जाते समय घर में कोई नहीं था। 27 अप्रैल की रात करीब 10:15 बजे परिवादी के पिता और बच्चे घर आए तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला। अंदर कमरों के ताले भी टूटे हुए थे और अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। परिजनों ने घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो सामने आया कि 27 अप्रैल की सुबह करीब 11:20 बजे दो अज्ञात व्यक्ति मकान के ताले तोड़कर अंदर दाखिल हुए थे। दोनों आरोपी अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर मौके से फरार हो गए थे। परिवादी के अनुसार चोर करीब 30 से 35 तोला सोना, चांदी के आभूषण और करीब 10 हजार रुपए नकद ले गए थे। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



### करीब 1000 सीसीटीवी फुटेज खंगाले

एसपी हेमंत कलाल के निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसपी महेंद्र पारीक और वृत्ताधिकारी नाथद्वारा शिप्रा राजावत के निकटतम सुपरविजन में श्रीनाथजी मंदिर थानाधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने परिवादी के घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। जांच के दौरान करीब 1000 सीसीटीवी फुटेज देखे गए। फुटेज में दिखाई दिए संदिग्धों और उनकी गतिविधियों के आधार पर पुलिस ने नाथद्वारा, राजसमंद और भीलवाड़ा सहित कई स्थानों पर आरोपियों की तलाश की। टीम ने लगातार प्रयास करते हुए आरोपियों के ठिकानों और आवाजाही की जानकारी जुटाई। आरोपियों की पहचान होने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी शातिर किस्म के नकबजन हैं, जो दिन में बंद मकानों की रेकी कर उनके ताले तोड़कर चोरी की वारदात करते थे। पुलिस ने पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल आरोपियों से भी पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5 सितंबर को भीलवाड़ा जिले के सांखलिया थाना फुलिया कला के बागरिया का छोपा निवासी रमेश पुत्र रामनिवास बागरिया (32), अजमेर के हाल सांपला थाना केकड़ी निवासी महेंद्र उर्फ भागचंद उर्फ सुरेंद्र पुत्र स्वं रामप्रसाद उर्फ मोहब्बत बागरिया (35) व पाडलिया थाना मीनाय निवासी पप्पू पुत्र स्वं रामपाल बागरिया (30) को न्यायिक अभिरक्षा से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग थानों में चोरी के मामले भी दर्ज हैं। महेंद्र के खिलाफ 11 प्रकरण और पप्पू के खिलाफ भी 11 प्रकरण दर्ज बताए गए हैं, जबकि रमेश के खिलाफ 3 प्रकरण दर्ज हैं।

### 8 तोला सोना और 686 ग्राम चांदी बरामद

पुलिस की पूछताछ और कार्रवाई के दौरान आरोपियों से अब तक 8 तोला सोना और 686 ग्राम चांदी बरामद की जा चुकी है। पुलिस के मुताबिक बरामदगी का काम अभी जारी है और चोरी गए शेष जेवरात की तलाश की जा रही है। आरोपियों ने पाली, जोधपुर, चितौड़गढ़, अजमेर, सीकर व अन्य राज्यों में भी चोरी करना स्वीकार किया है। आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद अलग-अलग स्थानों पर चले जाते थे। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों के दिल्ली जाने और वहां मेट्रो पिलरों के नीचे गुजर-बसर करने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों और चोरी किए गए माल के संबंध में पूछताछ कर रही है।

### दिन में बंद मकान देखकर करते थे रेकी

पुलिस जांच में सामने आए कथित तरीके के अनुसार आरोपी पहले ऐसे मकानों की तलाश करते थे, जो दिन में बंद रहते थे। इसके बाद मकान की रेकी कर मौका देखकर ताले तोड़ते और घर के अंदर रखे जेवरात व नकदी लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उन्होंने नाथद्वारा और आसपास के क्षेत्रों में ऐसी कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

## कांग्रेस समर्थित पार्षदों व उनके परिजनों को पुलिस-प्रशासन द्वारा परेशान करने का आरोप



### एएसपी को सौंपा ज्ञापन

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित पार्षदों तथा उनके परिजनों को पुलिस और प्रशासन द्वारा कथित रूप से अनावश्यक परेशान किए जाने एवं दबाव बनाने को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पारीक को एसपी के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह चौहान की ओर से दिए गए ज्ञापन में पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष कार्रवाई और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा कि जिले में हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में ऐसी शिकायतें और सूचनाएं आ रही हैं कि कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित पार्षदों तथा उनके परिजनों को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यमों से अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस कमेटी ने कहा कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और उनके परिजनों को भय अथवा दबाव के वातावरण में रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था की भावना के अनुरूप नहीं है। यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ कोई शिकायत अथवा आपराधिक प्रकरण है तो उस पर नियमानुसार निष्पक्ष कार्रवाई की जानी चाहिए, लेकिन किसी भी व्यक्ति को राजनीतिक कारणों से परेशान या प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए।

### कांग्रेस ने एसपी के सामने रखीं छह प्रमुख मांगें

कांग्रेस कमेटी ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि कांग्रेस एवं कांग्रेस समर्थित पार्षदों तथा उनके परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने संबंधी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करने की मांग की गई कि किसी भी व्यक्ति के खिलाफ बिना उचित आधार और कानूनी प्रक्रिया के कोई कार्रवाई नहीं की जाए। कांग्रेस ने यह भी मांग रखी कि यदि किसी पार्षद अथवा उसके परिजन के खिलाफ कोई प्रकरण दर्ज है तो उसकी जांच निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से की जाए। इसके अलावा पुलिस एवं प्रशासनिक मशीनरी का किसी भी प्रकार से राजनीतिक दबाव बनाने के लिए उपयोग नहीं किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में जिले में सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ समान एवं निष्पक्ष व्यवहार सुनिश्चित करने की मांग भी की गई। साथ ही जिन मामलों में पुलिस अथवा प्रशासन द्वारा अनावश्यक दबाव या प्रताड़ना की शिकायतें सामने आई हैंए उनकी जांच करवाकर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक से पूरे विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा जिले में निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## अपराधियों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा : 241 ठिकानों पर दबिश

### - 31 आरोपी गिरफ्तार

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जिले में अपराधों की रोकथाम, फरार एवं वांछित आरोपियों की धरपकड़ और कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से राजसमंद पुलिस ने दो दिवसीय विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। जिलेभर में चलाए गए इस अभियान के दौरान पुलिस की 47 टीमों ने 241 संभावित ठिकानों पर दबिश देकर संदिग्ध व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटरों, हार्डकोर अपराधियों,फरार आरोपियों और वारंटियों की जांच की। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान कुल 31 आरोपियों एवं वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। यह विशेष अभियान महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज के निर्देशानुसार एसपी हेमंत कलाल के निर्देशन में चलाया गया। एएसपी महेंद्र पारीक के सुपरविजन तथा संबंधित वृत्ताधिकारियों के निकटतम निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। अभियान के तहत पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े संभावित ठिकानों को चिन्हित कर एक साथ कार्रवाई की। पुलिस की 47 टीमों में शामिल 180 पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने चिन्हित 241 स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान पुलिस टीमों ने संदिग्ध व्यक्तियों के साथ-साथ ऐसे अपराधियों की भी जांच की, जिनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है या जो विभिन्न मामलों में पुलिस के लिए वांछित थे। पुलिस का उद्देश्य सक्रिय अपराधियों पर निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ फरार आरोपियों और वारंटियों को पकड़ना रहा।



### 71 हिस्ट्रीशीटर और हार्डकोर अपराधियों की जांच

अभियान के दौरान पुलिस ने जिले के 71 हिस्ट्रीशीटर एवं हार्डकोर अपराधियों की गतिविधियों की भी जांच की। पुलिस टीमों ने उनके संभावित ठिकानों पर पहुंचकर उनकी वर्तमान गतिविधियों और आपराधिक मामलों से संबंधित जानकारी जुटाई। पुलिस के अनुसार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहने की आशंका पर 6 हिस्ट्रीशीटरों को पाबंद भी कराया गया। इसके अलावा विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### जिले में चले अभियान के तहत लंबे समय से फरार आरोपियों पर भी कार्रवाई

विशेष अभियान के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों और न्यायालय से जारी वारंटों की भी जांच की गई। पुलिस ने 3 लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। वहीं न्यायालय से जारी 2 गिरफ्तारी वारंटों में वांछित आरोपियों को भी पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 31 आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ पुलिस टीमों ने कार्रवाई की। इनमें राजनगर, कांकरोली, कुंवारिया, केलवाड़ा, चारभुजा, आमेट, केलवा, नाथद्वारा, रेलमगरा, खमनोर, देवगढ़, भीम, देवगढ़, दिवेर एवं श्रीनाथजी मंदिर थाना क्षेत्र शामिल रहे। पुलिस टीमों ने इन क्षेत्रों में अपराधियों के संभावित ठिकानों, संदिग्ध स्थानों और हिस्ट्रीशीटरों से जुड़े स्थानों की गहन जांच की। एसपी हेमंत कलाल ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को वांछित अपराधियों, वारंटियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस की ओर से कहा गया है कि अपराधों की रोकथाम और शांतिपूर्ण कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर कुंवारिया में लाभार्थियों को मौके पर मिला योजनाओं का लाभ



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** विकसित भारत जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर राजसमंद उपखंड की ग्राम पंचायत कुंवारिया में आयोजित विशेष कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया, जिस पर लाभार्थियों ने आशीर्वाद के दीये जलाकर खुशी व्यक्त की। उपखंड अधिकारी ओम प्रभा ने बताया कि कार्यक्रम में लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सौंपते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। समारोह के दौरान तहसीलदार पुष्पेंद्र सिंह ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत ग्राम पंचायत कुंवारिया के मंजु देवी पत्नी जगदीश लोहार, किशनलाल सालवी पुत्र रामेश्वरलाल सालवी और आशा पत्नी ललित प्रजापत को योजना का लाभ प्रदान किया। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत गोवर्धन पालीवाल पुत्र उदयलाल पालीवाल को पेंशन भुगतान आदेश सौंपकर लाभान्वित किया गया। ग्रामीणों ने विकसित भारत जनसेवा अभियान के माध्यम से पात्र लोगों को स्थानीय स्तर पर तुरंत लाभ उपलब्ध कराने की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में आमजन को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी भी दी गई।

## जयवर्द्धन सम्पादकीय

### समय की मांग है यूपीआई को सक्षम बनाना

वित्त वर्ष 2025-26 में यूपीआई से 24,162 करोड़ लेनदेन हुए। यानी रोज औसतन 66 करोड़ से अधिक भुगतान। इसकी सेवाएं अब 11 अन्य देशों तक पहुंच चुकी हैं। भारत में बनी यह व्यवस्था हमारी रोजमर्रा की जरूरत बन गई है। अब चुनौती है कि नागरिकों को यह सुविधा मुफ्त मिलती रहे और इसे सुरक्षित एवं भरोसेमंद बनाए रखने के लिए पर्याप्त धन भी उपलब्ध हो। यूपीआई पर सेवा शुल्क की बहस को इसी नजरिये से समझना चाहिए। इस क्रम में सबसे पहले आम लोगों की चिंता दूर करना जरूरी है। नई व्यवस्था में बैंक खाते से होने वाला सामान्य यूपीआई भुगतान ग्राहकों के लिए मुफ्त रहेगा। परिवार या मित्रों को पैसे भेजने पर न भेजने वाले से शुल्क लिया जाएगा और न ही पाने वाले से। मुफ्त उपयोग का कोई मासिक कोटा नहीं है। अधिक रकम भेजने या बार-बार भुगतान करने से शुल्क नहीं लगेगा। सुरक्षा के लिए तय लेनदेन सीमाएं अपनी जगह हैं। दो हजार रुपये की सीमा कुछ दुकानदारों से लिए जाने वाले शुल्क से जुड़ी है। नागरिकों के लिए मुफ्त सुविधा पर कोई सीमा नहीं है।

इसे मीरा की खरीदारी से समझिए। वह एक बड़े दुकानदार से 10,000 रुपये का फ्रिज खरीदती है। दोनों के खाते भारतीय बैंकों में हैं। मीरा का एप भुगतान का निर्देश भेजता है। नेशनल पेमेंट्स कारपोरेशन आफ इंडिया यानी एनपीसीआई इसे बैंकों के बीच पहुंचाता है। एक बैंक मीरा के खाते से पैसे काटता है और दूसरा दुकानदार के खाते में जमा करता है। एप इस पूरी बैंकिंग व्यवस्था की मदद से भुगतान कराता है। डिजिटल भुगतान स्वीकार करने के बदले दुकानदार जो सेवा शुल्क देता है, उसे मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर कहते हैं। यदि मीरा का दुकानदार छूट वाली श्रेणी में नहीं आता, तो 15 अक्टूबर 2026 से इस खरीद पर 0.4 प्रतिशत अर्थात 40 रुपये एमडीआर लगेगा। मीरा के लिए फ्रिज की कीमत 10,000 रुपये ही रहेगी। दुकानदार उसके बिल में एमडीआर नहीं जोड़ सकता और एप भी छिपा हुआ शुल्क नहीं वसूल सकता। इसी श्रेणी में एक लाख रुपये की खरीद पर एमडीआर अधिकतम 300 रुपये होगा। मीरा अपनी मां को 10,000 रुपये भेजे, तो दोनों के लिए शुल्क शून्य रहेगा।

मीरा की खरीद में दुकानदार के 40 रुपये एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी यानी 7.20 रुपये जुड़ेगा। कुल खर्च 47.20 रुपये होगा। पात्र दुकानदार को चुकाए गए इस कर का समायोजन यानी इनपुट टैक्स क्रेडिट भी मिल सकता है। पूरे 10,000 रुपये के भुगतान पर अलग से 18 प्रतिशत कर नहीं लग रहा। मीरा का यूपीआई लेनदेन शुल्क शून्य ही रहेगा। सवाल है कि यूपीआई पर शुल्क क्यों लगाया गया? शुरुआत में प्राथमिकता लोगों को यूपीआई से जोड़ना थी। सरकारी सहायता ने इसमें मदद की। अब हजारों करोड़ लेनदेन संभालने के लिए ज्यादा क्षमता वाले सर्वर, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी की रोकथाम और ग्राहक सहायता पर खर्च बढ़ा है। इन जरूरतों पर लगभग 20,000 करोड़ रुपये सालाना खर्च होते हैं। इसे जांच-परख कर तय किया गया घाटा समझना गलत होगा। नकदी संभालने का खर्च घटने से होने वाली बचत और दूसरी संबंधित आय भी हिसाब में शामिल होनी चाहिए। फिर भी, बैंकों का मुनाफा या सरकारी सहायता इस संचालन खर्च को समाप्त नहीं करती।

इस बहस का राजनीतिक पक्ष भी है। वित्तीय मामलों की संसदीय स्थायी समिति ने 12 अगस्त को लेनदेन की अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार शुल्क से आय जुटाने का समर्थन करने वाली रिपोर्ट स्वीकार की। इनमें कांग्रेस के पांच सांसद भी थे। किसी ने आपत्ति नहीं की। समिति में यूपीआई के लिए नियमित आय का समर्थन करना और बाहर उसे नागरिकों पर बोझ बताना विरोधाभासी है। अमेरिकी दबाव का आरोप भी प्रमाण मांगता है।

# दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व के तीसरे दिन जारी रहा धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम

## -श्रद्धापूर्वक मनाया उत्तम आर्जव धर्म

जयवर्द्धन न्यूज़





**राजसमंद।** शहर में दिगम्बर जैन समाज की ओर से दशलक्षण महापर्व के तहत शुक्रवार को भी श्री शांतिनाथ मंदिर में सेवा-पूजा, जप-तप, साधना व उपासना का क्रम जारी रहा। इसके चलते समाजजन धर्म-अध्यात्म से सराबोर रहे वहीं तीसरे दिन उत्तम आर्जव धर्म दिवस श्रद्धा व उत्साह से मनाया। दिगंबर जैन समाज समिति कांकरोली की ओर से मनाए जा रहे महापर्व अन्तर्गत सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की चहल-पहल शुरू हो गई थी। समाजजनों ने सामूहिक रूप से उत्तम आर्जव धर्म पर चिंतन व मनन कर जीवन आचरण में इसकी पालना करने का संकल्प लिया। इस दौरान समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन के सान्निध्य में धार्मिक अनुष्ठान हुए। इसके प्रारम्भ में प्रभु का प्रातःकालीन अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद शांतिधारा अनुष्ठान हुआ वहीं दीप प्रज्वलन सहित सेवा-पूजा सम्बन्धी अन्य अनुष्ठान हुए जिनमें समाजजन श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। इस दौरान सांगानेर संस्थान से आए पं आयुष जैन ने श्रद्धालुओं को दसलक्षण पर्व पर होने वाले धर्म-अध्यात्म से जुड़े विभिन्न क्रियाकलापों की जानकारी दी तथा कहा कि हमारे धर्म में इनका बड़ा महत्व है जिनमें हम सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने तृतीय दिवस उत्तम आर्जव धर्म के बारे में चर्चा करते हुए भाव शुद्धता पर जोर दिया। कहा कि यह धर्म हमे संदेश देता है कि छल-कपट से जीवन जीने से व्यक्ति को हमेशा दुख ही भोगना पड़ता है। इसलिए हमें हर सम्भव प्रयास करना चाहिए कि हम सरल बने रहें तथा हमारा यह गुण हर परिस्थिति में अडिग रहना चाहिए। यह भी कहा कि छल-कपट रहित होकर हम जैसा सोचते है, हमें वैसा ही बोलना व करना भी चाहिए अर्थात हम भीतर व बाहर से एक समान रहें तथा यह हमारे आचरण में प्रकट होना चाहिए।

### आज मनाया जाएगा उत्तम सोच दिवस

समाज के महामंत्री सुनील जैन ने बताया कि सेवा एवं अनुष्ठानों के अन्तर्गत प्रथम शांतिधारा में महावीर प्रसाद, कमल कुमार, मुकेश, तपेश जैन, द्वितीय में राजेन्द्र कुमार, सुनील, अनिल जैन, तृतीय में ललित, अंजू, धैर्य, मनाली, जीवांश सोनी परिवार व चतुर्थ शांतिधारा में निर्मल, प्रदीप, अर्पित, अमन, मनन दोशी परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ वहीं आरती का धर्मलाभ महेश अनुज सोनी परिवार को मिला। इससे पूर्व गुरूवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम में मंदिर सभागार में समाज अध्यक्ष कमल कुमार जैन व वरिष्ठजनों के सानिध्य में हाऊजी नामक सांस्कृतिक गतिविधि हुई जिसमें महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। अमिता सेठी के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई। श्रेष्ठ प्रस्तुती देने वालों को उपहार भी दिए गए। महापर्व के चौथे दिन शनिवार को उत्तम सोच दिवस मनाया जाएगा।

# महर्षि दधीचि जयंती पर 4 दंपती समेत 43 ने किया रक्तदान

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** महर्षि दधीचि जयंती से एक दिन पूर्व शुक्रवार को महर्षि दधीचि सेवा संस्थान कांकरोली की ओर से कमला नेहरू सेटेलाइट हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर में चार दंपती समेत 43 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत कांकरोली दाधीच समाज के अध्यक्ष डॉ महेशदत्त दाधीच व समाजजनों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महादानी महर्षि दधीचि व दधिमति माता की पूजा-अर्चना से की। रक्तदान शिविर प्रभारी संजय व्यास, सतीश व्यास, नरेंद्र कुमार शर्मा व गौतम शर्मा आदि ने आरके अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम के सहयोग से रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच कर रक्तदान करवाया। शिविर में मूलचंद दाधीच, सुरेश जोशी बामणिया, जमनाशंकर जोशी, जितेंद्र दाधीच, शिवप्रसाद दाधीच, शैलेष दाधीच व गजानंद दाधीच व सभी सहयोग रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल, सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल, बीसीएमएचओ डॉ राजकुमार खोलिया, डॉ भूपेश परतानी आदि ने रक्तदान शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष डॉ महेशदत्त दाधीच, सचिव डॉ मुरली मनोहर आचार्य, योगेश पी दाधीच, दाधीच महिला मंडल अध्यक्ष गीता दाधीच, शिवप्रसाद दाधीच, हरिशंकर व्यास, जगदीश व्यास, मधुसूदन व्यास, कमल किशोर व्यास, श्याम सुंदर जोशी, प्रकाश जोशी, महेश दाधीच जोधपुरिया, बसंत दाधीच आदि मौजूद थे।

### इन रक्तवीरों ने रक्तदान किया

शिविर में रूपेश-श्वेता व्यास, विकास-चित्रा दाधीच, आकाश-वैशाली दाधीच और विनायक-दिव्या दाधीच ने दंपती के रूप में रक्तदान किया। आयोजकों ने बताया कि दंपतियों द्वारा एक साथ रक्तदान करने की पहल समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश देती है। शिविर में राकेश सिंह चौहान, अनमोल शर्मा, विकास दाधीच, अमित व्यास, ध्रुवराज सिंह चुंडावत, विनायक दाधीच, अनिल लक्षकार, राकेश जोशी, रोनक दाधीच, भेरूलाल रांका, जगदीश माली, सुरेश कुमार, शुभम त्रिपाठी, शिवम व्यास, विमल आचार्य, नमन व्यास, राजेंद्र कुमार नायक, सुमित कुमार, कल्याणसिंह, शिवांशु व्यास, सुमन देवी यादव, यश्वी, विक्रम जोशी, जितेंद्र दाधीच, रवि कुशवाहा, कल्पेश जोशी, ललित व्यास, शमसुद्दीन, विमल प्रकाश दाधीच, संजय व्यास, निखिल दाधीच, परमेश्वर त्रिपाठी, गौतम शर्मा व आस्था त्रिपाठी सहित अन्य ने रक्तदान किया।

### आज रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना

महर्षि दधीचि जयंती शनिवार को मुखर्जी चौराहा स्थित कुमावत समाज के नोहरे में मनाई जाएगी। कांकरोली दाधीच समाज के अध्यक्ष डॉ महेशदत्त दाधीच ने बताया कि सुबह 10 बजे शिव रुद्राभिषेक होगा। दोपहर 1 बजे महिला मंडल की ओर से मां भगवती दधीमथी मंगल पाठ किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से महर्षि दधीचि की पूजा-अर्चना, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारितोषिक वितरण होगा।

# कुंभलगढ़ दुर्ग में लाइट एंड साउंड शो बंद : आकाशीय बिजली से उपकरण खराब

## - पर्यटकों को हो रही निराशा

जयवर्द्धन न्यूज़

**कुंभलगढ़।** एतिहासिक कुंभलगढ़ दुर्ग में पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र लाइट एंड साउंड शो पिछले दो दिनों से बंद है। जानकारी के अनुसार खराब मौसम के दौरान दुर्ग परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से शो में इस्तेमाल होने वाले तकनीकी उपकरण खराब हो गए। इसके बाद शो का संचालन रोक दिया गया, जिससे शो देखने पहुंच रहे पर्यटकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। कुंभलगढ़ दुर्ग में राजस्थान पर्यटन विकास निगम की ओर से संचालित लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से पर्यटकों को दुर्ग के इतिहास और मेवाड़ की गौरवशाली विरासत की जानकारी लाइट, साउंड और दृश्य माध्यमों के जरिए दी जाती है। शाम के समय बड़ी संख्या में पर्यटक इस शो को देखने के लिए पहुंचते हैं। बताया जा रहा है कि कुंभलगढ़ क्षेत्र में खराब मौसम के दौरान दुर्ग परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से शो के तकनीकी उपकरणों में खराबी आ गई। उपकरण प्रभावित होने के बाद सुरक्षा और तकनीकी कारणों से शो को बंद करना पड़ा। लाइट एंड साउंड शो के मैनेजर दिलीप खटीक ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से उपकरणों में तकनीकी खराबी आई है।

विभाग की ओर से उपकरणों को ठीक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आवश्यक मरम्मत पूरी होने के बाद शो को जल्द दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। शो बंद होने के कारण पिछले दो दिनों से कुंभलगढ़ दुर्ग पहुंचने वाले पर्यटक इस आकर्षण का आनंद नहीं ले पा रहे हैं।

# शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षक हितों पर शिक्षक संघ अम्बेडकर के जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में हुआ मंथन

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर जिला शाखा राजसमंद के तत्वावधान में जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का शुक्रवार को रणछोड़ लाल पालीवाल उप्रावि जावद में आयोजित हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया ने की। सम्मेलन में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर को बेहतर बनाने, विद्यालयों में नवाचार और शिक्षक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया। सम्मेलन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि सीबीईओ राजसमंद राजेश गोराना, विशिष्ट अतिथि एसीबीईओ रणजीत त्रिपाठी संदर्भ व्यक्ति ब्लॉक सुनील यादव थे। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी शिक्षकों ने अपने विचार एवं सुझाव रखे। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एवं एडीपीसी संजय चौबीसा, विशिष्ट अतिथि एडीईओ माध्यमिक छगनलाल पूर्बिया तथा सहायक जिला परियोजना समन्वयक समसा गोविन्द सिंह शक्तावत थे। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता सहायक परियोजना समन्वयक पंकज सालवी रहे। अतिथियों ने वर्तमान समय की शैक्षिक चुनौतियों, शिक्षा में नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शिक्षक की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में शामिल शिक्षकों ने भी विद्यालयों में कार्य करने के दौरान सामने आने वाली समस्याओं और अपने अनुभव साझा किए। साथ ही शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर सार्थक चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल करोतिया ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शिक्षक एवं विद्यार्थी हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन की ओर से निरंतर सकारात्मक प्रयास किए जाते रहेंगे। संचालन शैलेश कणिक ने किया।

# अघोषित बिजली कटौती और लाइन शिफ्टिंग की मांग को लेकर प्रदर्शन

## - मौके पर हुए समाधान के बाद धरना समाप्त

जयवर्द्धन न्यूज़

**खमनोर।** खमनोर ब्लॉक क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती और बड़ा भानुजा विद्यालय में लटकी बिजली की लाइन की समस्या को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन आखिरकार अधिकारियों की त्वरित कार्रवाई के बाद समाप्त हुआ। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केसरसिंह गौड़ के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कार्यालय पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया तथा समस्या के तत्काल निस्तारण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरने के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके साथ ही बड़ा भाणुजा विद्यालय के नवीन भवन में पिछले छह माह से लंबित पड़े बिजली के खंभे और लाइन शिफ्टिंग के कार्य को तुरंत पूरा करने की मांग रखी गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष केसरसिंह गौड़ और ग्रामीणों का रुख देखते हुए बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई। अधिकारियों के निर्देश पर विभाग की टीम ने देर शाम मौके पर पहुंचकर नवीन भवन के पास नया खंभा लगाकर बिजली की लाइन को शिफ्ट कर दिया। त्वरित समाधान होने और मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।



# मेवाड़ मंच के गणेश महोत्सव में आयोजित भजन संध्या में देर रात तक गूंजे भक्ति गीत

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** राजनगर में मेवाड़ मंच की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव के तहत गुरुवार रात आयोजित भजन संध्या में स्थानीय एवं बाहर से आए गायक कलाकारों ने भगवान गणपति, बालाजी, श्रीनाथजी, चारभुजानाथ, भैरूनाथ, सांवरिया सेठ और भगवान शिव की महिमा से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में झूमते रहे। भजन संध्या का शुभारंभ गायक पीयूष ने गणपति वंदना ओजी म्हारा विघ्न हरो महाराज गजानंद गौरी के नंदा और गुरु वंदना म्हारा सतगुरु आविया रे की प्रस्तुति से किया। इसके बाद बाल गायक तिलकेश सुथार ने दुनिया में देव हजारों है, मेरे बालाजी का क्या कहना भजन से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। उन्होंने राम सिया राम की प्रस्तुति देकर पंडाल को रामभक्ति में डुबो दिया। तिलकेश सुथार ने फूलड़ा ले आओ माली का भजन प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। इसके साथ ही उन्होंने गणपति बप्पा मोरया रे और अरे म्हारे घरे भी आओ रे सांवरा सहित कई मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद गायिका तृषा सुथार ने सब थारो सांवरिया सेठ, मारो तो कांई कोने की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति नृत्य के लिए झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने ठाकुर जी थें माया की नगरी में विराज रिया सहित भैरूनाथ से जुड़ा भजन भी प्रस्तुत किया। भजन संध्या में गायकों ने बन्नो मारो चारभुजा रो नाथ, ओ सांवरे तुम सरकार हो मेरे, भोले तेरी जटा में बहती है गंगा धारा और तेजल मारो लीलण सिणगारियो सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति की डोर से बांधे रखा। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित पार्षद हेमंत रजक, प्रमोद बडारिया और हेमंत गुर्जर सहित भीलवाड़ा के योगेश गुरु समेत कई विशिष्टजन मौजूद रहे। इस दौरान मेवाड़ के राजा गणपति प्रतिमा के आगमन की बेस्ट इंस्टाग्राम रील बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें कुशल खटीक ने प्रथम, राहुल दसाणा ने द्वितीय और आयुष कुमावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शुरुआत में मेवाड़ मंच के अध्यक्ष नितेश माली ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डालचंद कुमावत ने किया। भजन संध्या के दौरान पूरा पंडाल गणपति और भगवान के जयकारों से गूंजता रहा तथा श्रद्धालुओं ने देर रात तक भक्तिमय वातावरण का आनंद लिया।

# हादसे में परिवार खोने वाली महिला का अनंता अस्पताल में निशुल्क इलाज

## - आर्थिक सहायता भी देगा अस्पताल

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** जयपुर सड़क हादसे में अपने परिवार को खोने वाली जिले के जेतपुरा निवासी 34 वर्षीय कैलाश देवी का अनंता अस्पताल में इलाज पूरी तरह निशुल्क किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन ने उपचार के साथ-साथ मरीज के खाने-पीने का खर्च भी स्वयं उठाने का निर्णय लिया है। अस्पताल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ नितिन शर्मा ने बताया कि कैलाश देवी को 1 सितंबर को उपचार के लिए अनंता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब से उनका इलाज बिना किसी शुल्क के जारी है। डॉ नितिन शर्मा के अनुसार अस्पताल की ओर से मरीज या उनके परिजनों से उपचार के लिए किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जा रही है। इसके साथ ही मरीज को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए बैंक खाता खुलवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण सहायता राशि के हस्तांतरण में देरी हुई, लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से दस्तावेज तैयार करवाने में सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उनके विशेषाधिकारी राजीव दत्ता ने जयपुर सड़क हादसे के बाद जीवित बचीं कैलाश देवी को 10 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी। अस्पताल प्रशासन इस सहायता राशि को उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। बैंक खाता खुलते ही दुर्घटना वाले महीने से अब तक की देय सहायता राशि सीधे उनके खाते में भेजी जाएगी।



### बैंक अधिकारियों को बुलाकर खाता खुलवाने की कार्रवाई

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि कैलाश देवी के पास बैंक खाता और आवश्यक दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण राशि हस्तांतरित नहीं हो पा रही थी। समस्या के समाधान के लिए अस्पताल की ओर से संबंधित दस्तावेज तैयार करवाने में मदद की जा रही है। साथ ही बैंक अधिकारियों को अस्पताल बुलाकर खाता खोलने की प्रक्रिया शुरू कराई गई है। खाता खुलने के बाद सहायता राशि सीधे मरीज के खाते में भेजी जाएगी।

### लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय रख रहा लगातार निगरानी

कैलाश देवी के इलाज और सहायता को लेकर लोकसभा अध्यक्ष कार्यालय की ओर से भी लगातार जानकारी ली जा रही है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष और उनके विशेषाधिकारी मरीज के स्वास्थ्यए उपचार तथा सहायता राशि की स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि कैलाश देवी को इलाज के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उपचार के साथ भोजन और अन्य जरूरी सुविधाओं का खर्च भी अस्पताल प्रशासन की ओर से वहन किया जा रहा है।

# साइबर सुरक्षित राजस्थान : जन-जागरूकता माह के तहत साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला आयोजित

जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सितम्बर माह को साइबर सुरक्षित राजस्थान जन-जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी हेमन्त कलाल के निर्देशन एवं एएसपी महेन्द्र पारीक के मार्गदर्शन में एसआरके राजकीय महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला महाविद्यालय की साइबर सुरक्षा समिति एवं साइबर पुलिस थाना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। प्राचार्य डॉ सुमन बड़ोला ने बताया कि कार्यशाला में साइबर पुलिस थाना के प्रोग्रामर खैरूल वसीम एवं सूचना सहायक दलबीर सिंह मीणा ने विभिन्न सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। महाविद्यालय की साइबर सुरक्षा समिति के प्रभारी डॉ गोपाललाल कुमावत ने बताया कि कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में सूचना सहायक दलबीर सिंह मीणा ने विद्यार्थियों को आधुनिक डिजिटल युग में इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के बढ़ते खतरों से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में प्रोग्रामर खैरूल वसीम ने विद्यार्थियों को डेटा प्राइवेसी, साइबर सुरक्षा तथा साइबर वॉलंटियर की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पुलिस एवं प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए साइबर अपराधों की रोकथाम में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों की साइबर सुरक्षा से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें साइबर वॉलंटियर के रूप में साइबर पुलिस थाना से जुड़ने का आह्वान भी किया गया। संचालन साइबर सुरक्षा समिति के डॉ मनदीप सिंह ने किया।



विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार से संबंधित जानकारीपूर्ण पत्रक भी वितरित किए गए। साइबर पुलिस ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करें तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा बलइमतबतपउमण्हवअण्पद पर शिकायत दर्ज कराएँ।

## संक्षिप्त खबरें

# राजसमंद शहर में खद फेमस प्रोडक्ट खरीदने का महेश मेला आज से




जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा दो दिवसीय महेश मेला शनिवार व रविवार को माहेश्वरी भवन राजनगर में आयोजित होगा। संगठन अध्यक्ष कृष्णा लड्ढा एवं सचिव लीला लड्ढा ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मेले का उद्घाटन अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की कोषाध्यक्ष ममता मोदानी द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा व जिलाध्यक्ष चंदा देवपुरा होंगी। विशिष्ट अतिथि प्रेमलता चेचानी, सरोज, पुष्पा राठी और शिखा भदादा रहेंगी। मेले में महिलाओं द्वारा लगाए गए हस्तशिल्प, परिधान, आभूषण एवं खाद्य सामग्री के स्टॉलों के साथ-साथ गेम, हौजी गेम, बच्चों के लिए विशेष गेम्स, फन जोन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष गेम कॉर्नर बनाया गया है, वहीं महिलाओं के लिए हौजी और विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मेले का समय दोनों दिन सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# मानसिक स्वास्थ्य माह के तहत जिला स्तर पर आयोजित हुआ प्रशिक्षण

## - पोस्टर का हुआ विमोचन



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** मानसिक स्वास्थ्य माह के अंतर्गत संचालित जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में चिकित्सा, शिक्षा, आयुर्वेद, पुलिस, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, उच्च शिक्षा तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मनोरोग चिकित्सक एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ लालचंद बैरवा ने कार्यस्थल पर तनाव प्रबंधन, युवा मन और मानसिक स्वास्थ्य, मानसिक अस्वस्थता के लक्षणों तथा उनकी रोकथाम एवं उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया गया। डॉ बैरवा ने बताया कि मानसिक बीमारी के लक्षण परिस्थितियों और अन्य कारणों के आधार पर भिन्न हो सकते हैं, जो व्यक्ति की भावनाओं, विचारों और व्यवहार को प्रभावित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानसिक बीमारियां स्वतः ठीक नहीं होतीं और समय पर उपचार न मिलने पर यह गंभीर रूप ले सकती हैं। इस अवसर पर संभागियों को मानसिक अस्वस्थता के लक्षणों को समय पर पहचानने और आमजन को उपचार के लिए प्रेरित करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमंत कुमार बिंदल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी आरके डॉ रमेश रजक सहित विभिन्न विभागों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ हिंदी सप्ताह



जयवर्द्धन न्यूज़

**देलवाड़ा।** कस्बे के महाबलीदानी पन्नाधाय महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक हिंदी दिवस समारोह का शुक्रवार को विविध कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। मुख्य अतिथि निदेशक रोशन लाल जैन, सचिव विवेक जैन तथा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ प्रभात पानेरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। निदेशक रोशनलाल जैन ने हिंदी भाषा को भारतीय संस्कृति और परंपराओं की मूल जड़ बताया। प्राचार्य डॉ प्रभात पानेरी ने हिंदी के गौरवशाली अतीत तथा उज्ज्वल भविष्य पर प्रकाश डाला, वहीं सचिव विवेक जैन ने दैनिक जीवन में हिंदी भाषा को अधिक से अधिक अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम की संयोजिका अलका श्रीमाली ने सप्ताह भर आयोजित गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर छात्र.अध्यापिकाओं के लिए गीत, कविता पाठ एवं श्रुतीलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संचालन छात्र-अध्यापिका रितु पालीवाल एवं प्रीति भोई ने किया। इस दौरान सुमन चौधरी, रंजना रावल, नेहा शर्मा, निमिका जैन, नमिता जैन तथा कविता रावत मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त खबरें

### यशोदा कंवर निर्विरोध बनीं भीम नगरपालिका की पहली अध्यक्ष



जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत कांग्रेस पार्षद यशोदा कंवर निर्विरोध नगरपालिका भीम की पहली अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम नीरज मिश्रा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष यशोदा कंवर को निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से किसी भी उम्मीदवार द्वारा नामांकन दाखिल न किए जाने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा कंवर का निर्विरोध निर्वाचन तय हुआ। यशोदा कंवर के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर समर्थकों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर कांग्रेस पार्षद प्रकाशसिंह, लकी शर्मा, धन्नालाल सेन, अशोकसिंह तथा अंबिका सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया।

### 12 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रहा भारत : माहेश्वरी

जयवर्द्धन न्यूज़



**राजसमंद।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। शिक्षाए स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तक, केंद्र सरकार की नीतियों का मूल उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाना रहा है और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प आज देश की विकास यात्रा की मुख्य पहचान बन चुका है। माहेश्वरी ने रक्षा क्षेत्र में मिली सफलता को इस परिवर्तन का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों से देश में रक्षा उत्पादन और स्वदेशी तकनीक को नई गति मिली है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार रक्षा उत्पादन वर्ष 2014-15 के 46,429 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ के स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने रक्षा निर्यात के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्ष 2013-14 में जहाँ मात्र 686 करोड़ का रक्षा निर्यात होता था, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 38,424 करोड़ हो गया है। यह ऐतिहासिक वृद्धि स्वदेशी उद्योग, शोध, तकनीकी नवाचार और निजी क्षेत्र की भागीदारी को दर्शाती है, जिससे वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की मांग बढ़ी है। विधायक ने कहा कि पीएम मोदी का यह विकास मॉडल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ देश के युवाओं, उद्यमियों और उद्योगों के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहा है।

### राजसमंद नगर परिषद सभापति चुनाव की तस्वीर साफ : भाजपा की अनीता पालीवाल और कांग्रेस के मोहन कुमावत के बीच सीधा मुकाबला





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद सभापति पद के चुनाव को लेकर नामांकन वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को राजनीतिक तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई। दो कांग्रेस पार्षदों द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद अब सभापति पद के लिए भाजपा की अनीता पालीवाल और कांग्रेस के मोहन कुमावत के बीच सीधा मुकाबला होगा। नामांकन वापसी की प्रक्रिया के दौरान कांग्रेस के निवर्तमान उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली और पार्षद भूरालाल कुमावत ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। इसके बाद मैदान में केवल भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ही शेष रह गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न हुए नगर परिषद चुनाव में कुल 45 वार्डों में से भाजपा ने 27 सीटों पर जीत हासिल कर बहुमत का आंकड़ा पार किया है, वहीं कांग्रेस को 14 और निर्दलीयों को 4 सीटों पर विजय मिली है। मुख्य मुकाबला तय होने के साथ ही राजनीतिक दलों में पार्षदों के समर्थन को लेकर हलचल और बाड़ेबंदी तेज हो गई है। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 21 सितंबर को नगर परिषद सभापति पद के लिए मतदान कराया जाएगा, जिसके तुरंत बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। वहीं 22 सितम्बर को उपसभापति के चुनाव होंगे।

# मन की सरहद में घूम लेती हूं, इन हवाओं में झूम लेती हूं याद जब भी तुम्हारी आतीहै, मैं तिरंगे को चूम लेती हूं

**- रचनाकारों ने कभी लोटपोट किया तो कभी भरा देशभक्ति का जोश**

**- गणेश महोत्सव में विराट कवि सम्मेलन**





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद राजसमंद की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में गुरुवार रात को आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने काव्य रसिक श्रोताओं को कभी हंसाया, तो कभी सोने पर मजबूर किया और कभी देशभक्ति का जोश भर के खूब नारे भी लगवाए। कभी सम्मेलन का शुभारंभ लखनऊ की प्रीति पाण्डेय ने सरस्वती वंदना से किया। पहले कवि बलिया उत्तर प्रदेश के राहुल सक्षम ने प्यार मोहब्बत के ना झूठे सपने वाली हो, मात-पिता, गुरुदेव की सेवा करने वाली हो, बाबू बेबी कहने वाली मुझको ना चाहिए पत्नी मेरी राधा राधा जपने वाली हो रचना सुनाई। पंकज पंडित ललितपुर झांसी ने वीर रस से ओतप्रोत कविता हम धर्म सनातन के प्रहरी माथे पर तिलक लगाते हैं अधिकार नहीं मांगा करते अपने कर्तव्य निभाते हैं संकट में शंकर बनकर के विषपान स्वयं कर लेते हैं, सुनाकर सनातन धर्म का गुणगान किया। कुलदीप रंगीला देवास ने अपनी रचना मंदिरो में प्रवेश हो जाते, दूर सारे क्लेश् हो जाते, कॉपी करने से ख्याति मिलती तो, सारे गण भी गणेश हो जाते कविता द्वारा हास्य का वातावरण बनाया। विनोद सोनी निम्बाहेड़ा ने वीर रस से सराबोर रचना जिसके मन से दूर कपट जो रहता है निष्काम, उसके हृदय में बैठे मेरे राजा राम प्रस्तुत की। प्रीति पाण्डेय ने श्रृंगार रस से भरपूर गीत मन की सरहद में घूम लेती हूं, इन हवाओं में झूम लेती हूं याद जब भी तुम्हारी आती है, मैं तिरंगे को चूम लेती हूं सहित अनेक गीत छंद मुक्तक सुनाकर खूब तालियां बटोरी और वंस मोर के साथ शानदार काव्य पाठ किया। नरेंद्र अटल महेश्वर इंदौर ने वीर रस की कविता मातृभूमि की गौरवगाथा जीवनभर हम गाएंगे। पूछेगी जब भी यह दुनिया परिचय यही बताएंगे। इसकी माटी और रक्त का कई जन्मों का नाता है गौत्र हमारा राष्ट्रधर्म कुलदेवी भारत माता है द्वारा राष्ट्र प्रेम की धारा बहा दी। शुरूआत में आयुक्त विजेश मंत्री सहित अन्य अधिकारियों ने कवियों का स्वागत किया।

### वंदे मातरम गीत नहीं है, देशभक्तों का प्राण है,


नई दिल्ली से आए कवि विनोद पाल ने खुद अपने चरित्र पर ही मूंग दल रहे हो तुम अच्छे हो तो क्यूँ फितरत बदल रहें हो तुम अगर लड़की तुम्हें देख के रस्ता बदल रही है तो ये जान लो गलत रस्ते पर चल रहे हो तुम रचना सहित अन्य रचनाओं हास्य रस का आनंद बरसाया। दीपा सैनी जयपुर ने अपनी रचना गहरी गहरी अंखियों में झीना झीना सूरमा झीना-झीना सूरमा निसारो श्रीनाथ जी घणी-घणी खम्मा स्वीकारो श्रीनाथ जी, आज म्हारे आंगणीये पधारो श्रीनाथ जी, सुनाई। कवि गौरव पालीवाल ने राधा जी को समर्पित रचना का पाठ किया। सूत्रधार कवि सतीश आचार्य ने वंदे मातरम का गुणगान करते हुए अपनी रचना वंदे मातरम गीत नहीं है, देशभक्तों का प्राण है, वन्देमातरम गाना भारत के बेटों की शान है प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मथुरा से आये कवि श्यामसुंदर अकिंचन ने भगवान कृष्ण और राधा के प्रेम का वर्णन करते हुए राधे राधे कहोगे तो कृष्ण मिल जाएगो, तन मथुरा काशी हो जाये मन हो जाए वृंदावन और प्यार तो प्यार है सबको अधिकार है और चोट दर चोट सहता है, ये घायल का मुकद्दर है, लिपट कर पाँव से बजती ये पायल का मुकद्दर है। आकिंचन दीद को कोई उमर सारी तरसता है, नैन में चैन से सोता ये काजल का मुकद्दर है गीत द्वारा श्रृंगार रस का आनंद लुटाया। संचालन करते हुए डूंगरपुर से आए विपुल विद्रोही ने अनेक हास्य से सराबोर रचनाओं के साथ कितना रखोगी खुद को सम्भाल कर एजरा देखो दिल का दरिया उबाल कर, कुछ शामें आज भी वहीं गुजार लेता हूँ, आओ ए कभी राय सागर की पाल पर रचना का पाठ किया।

# गणपति अपने गांव चले कैसे हमको चेन पड़े..... : गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**- राजनगर क्षेत्र में विसर्जन के साथ पांच दिवसीय गणपति महोत्सव सम्पन्न**

**- कई घंटों के सफर बाद नोचौकी पाल पहुंची शोभायात्रा - चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही मुस्तेद**





जयवर्द्धन न्यूज़

**राजसमंद।** नगर परिषद सहित राजनगर क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक संगठनों, दल व समूह की ओर से आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन शुक्रवार को गणपति प्रतिमा विसर्जन के साथ हुआ। अपरान्ह सवा तीन बजे तक स्टेडियम में चहुंओर वाहनों में प्रतिमाएं एवं श्रद्धालुओं का खासा जमावड़ा लगा रहा। इसके बाद महोत्सव स्थल पर विराजित गणपति का पूजन व महाआरती शुरु हुई। ये प्रतिमाएं ऑटो रिक्शा, ट्रेक्टर ट्रॉली, जीप आदि खुले वाहनों में लाई गई थी। इधर, स्टेडियम में महोत्सव के तहत स्थापित प्रतिमा के विसर्जन की तैयारियां की जा रही थी। यहां बैण्ड व डीजे पर बजते मीठे गीत-संगीत एवं गगनभेदी जैकारों के बीच गणपति बप्पा की विशेष पूजा-अर्चना हुई एवं फिर आरती की गई। इसके बाद जैकारों के साथ प्रतिमा को सजे-धजे वाहन में विराजित किया तथा फिर राजनगर क्षेत्र की सभी गणपति प्रतिमाओं की सामूहिक शोभायात्रा रवाना हुई। इसमें दर्जनों खुले वाहनों में प्रतिमाएं सुशोभित थी एवं भक्त सेवा करते चल रहे थे। शोभायात्रा में कई बैण्डबाजे, ढोल और डीजे शामिल थे जिन पर भक्ति संगीत की स्वर लहरियां बिखर रही थी विभिन्न स्थानों से आए प्रसिद्ध ढोल वादक दलों के कलाकार अनूठी शैली में ढोल वादन कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर रहे थे। भक्ति गीतों पर बच्चे और बड़े सभी नाच रहे थे। इसके साथ ही भूतों की शिव बारात की प्रस्तुतियां लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रही। कई घंटों के सफर के बाद शोभायात्रा का पहला छोर रात्रि साढ़े दस बजे बाद नौचौकी पाल पहुंचा। यहां विधिपूर्वक गणपति पूजन हुआ तथा श्रद्धालुओं ने गगनभेदी जैकारों के साथ कुण्ड में झील के पानी से स्नान कराने के बाद, विसर्जन के निर्धारित स्थान पर लेकर जाएगा। इस बार माइनिंग धोली खान एरिया क्षेत्र में विसर्जन किया गया।

दो किलोमीटर लम्बी शोभायात्रा

महाआरती करने के पश्चात प्रतिमाओं की सामूहिक शोभायात्रा स्टेडियम से रवाना हुई। शोभायात्रा हुसैनी चौक, दाणी चबूतरा होते हुए राजनगर स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सर्कल, नेशनल हाईवे पर पहुंची। यहां से पुनः दाणी चबूतरा, मालीवाड़ा, रेगर मोहल्ला, कलालवाटी होते हुए पुरानी कलेक्ट्री दयालशाह किला रोड़ से मुड़कर फिर कलालवाटी होते हुए नौचौकी की तरफ रवाना हुई। शोभायात्रा में प्रतिमाओं से सजे वाहनों का लम्बा काफिला शामिल था जिससे शोभायात्रा करीब दो किलोमीटर लम्बी बन गई थी। बैंडबाजों पर भक्ति गीतों की स्वर लहरियां बिखर रही थी तो डीजे पर भक्ति-संगीत एवं धुनें परिवेश को धर्ममय बना रही थी। ऊंट गाड़ियों तथा खुले वाहनों में अयोध्या के प्रभु राम, खाटुश्याम, शिव परिवार, बालकृष्ण, और वीर हनुमानजी सहित देशप्रेमी सहित कई देवी-देवताओं तथा महापुरुषों की मनमोहक झांकिया भी सजी हुई शामिल थी। वहीं, बैण्ड और ऊंट-घोड़े तथा कच्छी घोड़ी नृत्य कलाकार व धाकाधिक धमाका व अखाड़ा के कलाकर लोगों का मनोरंजन करते हुए चल रहे थे।

जयकारों से गुंजा शहर

शोभायात्रा में कई बेण्ड दल भी साथ थे जो लगातार भक्ति संगीत की स्वर लहरियां बिखेरते चल रहे थे। वहीं मेवाड़ मंची ओर से लाए गए खुली ट्रक में भजन गायक कलाकार प्रेमशंकर जाट लाईव भजनों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहा। उनके साथ में बड़ी तादाद में श्रद्धालु आनंदित होकर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। युवा और बच्चें गगनभेदी जयकारे लगा रहे थे। जिससे समुचा शहर जयकारों से गुंज ऊठा। इन सबके चलते सम्पूर्ण परिवेश भक्ति भाव से सराबोर होता रहा। साथ में चल रहे दो अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह विविध प्रकार के हैरतअंगेज प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। इस दौरान चहुंओर खूब फूलों की पत्तियां उड़ती रही जिससे भक्तजन सराबोर होते रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक ललिता कुंवर के लिये मुद्रक वेदान्त प्रभाकर द्वारा मेधा कप्यूटर्स, नंद भवन, कांवाखेड़ा पार्क के पास, भीलवाड़ा से मुद्रित व ग्राम बागोटा, डाकघर सांगठकला जिला राजसमंद, राजस्थान - 313324 से प्रकाशित । संपादक - लक्ष्मण सिंह राठौड़ । पत्र पंजीयन संख्या आर.एन.आई. RJBIL/26/A5478। सभी प्रकार के प्रसंगो का न्याय क्षेत्र राजसमंद ही रहेगा ।